विविध समाचार

प्रियंका गांधी ने झोंकी पूरी ताकत, कहा-पिछले 10 साल में नहीं हुआ कोई काम, अपनी दुनिया में मस्त हैं मोदी

अमेठी १४/०५ (संवाददाता):अमेठी में कांग्रेस उ मीदवार केसी शर्मा को लेकर प्रियंका गांधी ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। अमेठी में आज लोगों को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि अमेठी में बड़े से बड़ा नेता जनता के प्रति जवाबदेह बना। राजीव गांधी जी प्रधानमंत्री रहते हुए भी पैदल गांव.गांव घूमते थे। आपकी समस्याओं को समझते थे और डांट भी सुनते थे। उन्होंने कहा कि ये आपकी राजनीति थी। ये इस देश की पुरानी परंपरा थी। लेकिन आज जो नेता हैंए उनकी कोई जवाबदेही नहीं है।

कांग्रेस नेत्री ने कहा कि अमेठी की जनता ने एक राजनीतिक स यता स्थापित की।

आपने मेरे माता.पिता को जिताया क्योंकि उन्होंने जनता के लिए श्रद्धा के साथ काम किया। आज अमेठी में हरियाली हैए लेकिन यहां पहले ऐसी जमीन थीए जिसमें उपज नहीं थी। उन्होंने कहा कि ऐसे में राजीव जी ने सबसे पहले ऊसर सुधार और सिंचाई योजना शुरू की।

फिर बड़े उद्योग और ठ स ए जैसे संस्थान अमेठी में लाए। जब कोई नीतिए नियत और निष्ठा से काम करता है तो विकास होता ही है।

भाजपा पर वार करते हुए प्रियंका ने कहा कि नरेंद्र मोदी कहते हैं कि 10 साल में इतना काम हुआ हैए जितना 70 साल में नहीं हुआ है।

सच्चाई यह है कि 70 साल में कांग्रेस ने जो भी बनायाए नरेंद्र मोदी ने सारा अपने अरबपति दोस्तों को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिन कामों को बड़े स्तर पर शुरू कियाए उसे इस सरकार ने अधर में छोड़ दिया। आज देश का नौजवान रोजगार के लिए दर.दर भटक रहा हैए महिलाएं और किसान महंगाई के कारण परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी अपनी दुनिया में मस्त हैं। वह जनता से कट गए हैं। वह वाराणसी से सांसद हैंए लेकिन यहां की जनता के घर कभी नहीं गए। तो वे जनता के दुख को क्या समझेंगेध् समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने कार्यकर्ताओं को हिदायत दी है कि उत्तर प्रदेश में जिन लोकसभा सीटों पर सहयोगी कांग्रेस चुनाव लड़ रही है वहां वो यह मानकर पूरी ताकत लगाएं कि अपनी पार्टी का उ मीदवार ही चुनावी मैदान में हैं। उनकी यह हिदायत रायबरेली और अमेठी में जमीनी स्तर पर काम करती नजर आ रही है क्योंकि कांग्रेस के चुनावी कार्यक्रमों में लाल टोपी पहने सपा समर्थक बड़ी सं या में मौजूद रहते हैं।

बंगाल में चुनावी हिंसा के बीच बहरामपुर में भारी मतदान, अधीर रंजन बोले-टीएमसी को जीतने नहीं दूंगा

बरहामपुर १४/०५ (संवाददाता):बरहामपुर से कांग्रेस सांसद और पार्टी उ मीदवार अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि टीएमसी के गुंडेए कार्यकर्ता सड़कों पर कब्जा करने और लोगों के लिए समस्याएं पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने चुनाव आयोग से उन्हें तितर.बितर करने का अनुरोध किया है लेकिन वे फिर से वापस आ जाते हैं। टीएमसी मतदान प्रतिशत कम करना चाहती है क्योंकि वे जानते हैं कि ज्यादातर लोग ज्ड्ब् के खिलाफ मतदान कर रहे हैंए इसलिए वे मतदान प्रक्रिया में बाधा डालना चाहते हैं। हम उन्हें किसी भी बूथ पर कब्जा नहीं करने देंगेए न ही मैं बहरामपुर में टीएमसी को जीतने दूंगा। बीरभूम के दुर्गापुर में टीएमसी कार्यकर्ताओं पर बीजेपी के स्टॉल तोड़ने पर विवाद हो गया। टीएमसी

नेताओं का कहना है कि बीजेपी नेता केंद्रीय बलों के साथ मिलकर वोटिंग को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थेए जिसका विरोध किया गया।

शुरुआती दो घंटों के दौरान सबसे अधिक वोटिंग बहरामपुर में हुई है। पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीट पर दोपहर एक बजे तक 51ण्87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बर्धमान पूर्वी ;आरक्षित सीटद्ध पर सबसे अधिक 55ण्87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहींए दूसरे स्थान पर बोलपुर में 54.81 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि राणाघाट ;आरक्षितद्ध लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 52.70 प्रतिशत, बहरामपुर में 52.27 प्रतिशत, बर्धमान.दुर्गापुर में 50.0 प्रतिशत, कृष्णानगर में 49.72 प्रतिशतए बीरभूम में 49.63 प्रतिशत और आसनसोल में 49.55 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतेगी: भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ १४/०५ (संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने चौथे चरण का मतदान संपन्न होने के बाद कहा कि चरण दर चरण विपक्ष को हताशा सामने आ रही है। विपक्षी नेताओं की भाषा व भावभंगिमा बिगड़ चुकी है। दावा किया कि भाजपा का प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के नेता केवल अपना घर बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। सपाए कांग्रेसए बसपा सहित तमाम दलों के बचे गढ़ भी जनता ढहा रही है। विपक्ष को भी अपनी करारी हार का एहसास है।

राहुल गांधीए अखिलेश यादव व मायावती सहित तमाम विपक्षी नेता प्रचार के लिए निकल नहीं रहे हैं। वहीं प्रत्याशी परिवर्तन का दौर अभी भी जारी है। मुस्लिम तुष्टीकरण का कांग्रेस.इंडी गठबंधन का एजेंडा जाहिर हो चुका है।

इस बार 400 सीटें जीतकर भाजपा सरकार फिर बनने जा रही है। उधर योगी सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने भाजपा प्रदेश मु यालय में पत्रकारों से कहा कि हार की हताशा में सपाई और इंडी पार्टनर्स हिंसा पर उतारू हो गए हैं। अपने बयानों से भड़काने का कुकृत्य करने लगे हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनका पूरा परिवार चुनाव हार रहा है। भाजपा चौथे चरण की सभी 13 सीटों को भारी अंतर से जीत रही है। पूरे देश में पराजित होने की वजह से इंडी गठबंधन के नेता लगातार अनर्गल बयान दे रहे हैं। हताशा और निराशा में उनके नेता और समर्थक भी वोट देने के लिए नहीं निकले।

सत्ता में नहीं लौटेंगे नरेंद्र मोदी, ममता बनर्जी बोलीं-यही है एकमात्र गारंटी

कोलकाता १४/०५ (संवाददाता):पश्चिम बंगाल की मु यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता में नहीं लौटेंगे। संदेशखाली विवाद पर भारतीय जनता पार्टी ;भाजपाद्ध पर झूठठश् फैलाने का आरोप लगाते हुए बनर्जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एकमात्र गारंटी यह है कि मोदी सत्ता में नहीं लौट रहे हैं। इंडिया ब्लॉक 295 से 315 सीटें हासिल करेगा। भाजपा अधिकतम 200 तक सीमित रहेगी। बीजेपी और पीएम इस मुद्दे पर झूठ फैला रहे हैं।

नादिया के कल्याणी में एक रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि ग्गारंटी बाबूश् ;मोदी की गारंटी पर कटाक्षद्ध पश्चिम बंगाल को बदनाम कर रहे हैं। अबए जब सच्चाई सामने आ रही है ;कथित वीडियो का जिक्र हैद्धए तो वे टीवी चैनलों से उन्हें न दिखाने के लिए कह रहे हैं। वे सच्चाई को छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा ने राज्य की महिलाओं की छवि खराब करने की साजिश रची। बंगाल के बैरकपुर में अपनी चुनावी रैली के दौरानए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस संदेशखाली में अपने पिछले कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रही हैंए जहां सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगाया गया है।

संदेशखाली की बहनों और माताओं के साथ टीएमसी ने क्या किया‚ यह हम सभी ने देखा है। पहले पुलिस ने दोषियों को बचाने की कोशिश कीए अब टीएमसी ने नया खेल शुरू कर दिया है।

कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना से महिलाओं की जिंदगी बदलने में मदद मिलेगी-सोनिया गांधी

नयी दिल्ली १४/०५ (संवाददाता): कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के बीच सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी की ओर से महालक्ष्मी योजना के रूप में दी गई गारंटी से देश की महिलाओं की जिंदगी बदलने में मदद मिलेगी। उन्होंने एक संदेश में यह भी कहा कि महिलाओं की मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस ने यह क्रांतिकारी कदम उठाया है। सोनिया गांधी ने कहाए स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। हालांकि आज हमारी महिलाएं भयंकर महंगाई

के बीच संकट का सामना कर रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम लेकर आई है। सोनिया ने इस बात का उल्लेख किया कि कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना में गरीब परिवारों की एक महिला को हर साल एक लाख रुपये दिए जायेंगे। सोनिया गांधी ने कहाए कर्नाटक और तेलंगाना में पहले ही हमारी गारंटियों ने करोड़ों परिवारों की जिंदगी बदल दी है। चाहे मनरेगा होए सूचना का अधिकार होए शिक्षा का अधिकार हो या भोजन सुरक्षाण् हमारी योजनाओं से कांग्रेस पार्टी ने लाखों भारतीयों को ताकत दी है।

इंडिया गठबंधन का समर्थन कर रही है जनता, अखिलेश यादव का दावा, 140 सीटों पर सिमट जाएगी भाजपा

लखनऊ १४/०५ (संवाददाता):समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने आज भाजपा पर एक बार फिर से बड़ा हमला किया है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि पार्टी के बुंदेलखण्ड तक पहुंचते-पहुंचते भाजपा का अहंकार खत्म हो जाएगा। बीजेपी का ग्राफ गिर रहा है और इसकी कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के प्रति लोगों का गुस्सा भी बढ़ रहा हैण्ण्ण्कसानों के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहींए फसलों की खरीद के लिए कोई व्यवस्था नहींए राशन के नाम पर यहां धोखा हो रहा है। बुन्देलखण्ड

की जनता जानती है कि उनका दुश्मन कौन है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि जनता इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी का समर्थन कर रही है। 140 करोड़ जनता बीजेपी को 140 सीटों पर सीमित कर देगी। अब कोई मन की बात नहीं सुनना चाहताए संविधान की बात सुनना चाहता है। उन्होंने साफतौर पर कहा कि इंडिया गठबंधन जीतेगा। जनता इंडिया गठबंधन का समर्थन कर रही हैण्ण्ण्जो लोग सोचते हैं कि वे धोखे से जीत सकते हैंए जनता उन्हें अपने वोटों से जवाब देगी। लोग भाजपा के काम से ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यादव ने चौथे चरण के मतदान के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक संदेश में कहाए चार चरणों के बाद जनता ने भाजपा के ‰00 पारश् के दावे के आगे से 4 गायब कर दिया है और अब डबल इंजन वालों की संभावना में बस डबल शून्य बचे हैं। भाजपा की सरकार बनाने की संभावना 00ण्सेसदी है।ण्ण् उन्होंने इसी संदेश में आगे कहाए आगामी तीन चरणों में भी जनता भाजपा को हराने के लिए और ‘इंडियाश् गठबंधन की सरकार बनाने के लिएए चार चरणों में भी उत्साह से वोट डालेगी। यादव ने कहा कि ‘इंडियाश् गठबंधन को जनता जिता रही है क्योंकि ‘इंडियाश् की जीत में देश की जीत है।

जब लोगों ने राहुल गांधी से पूछा, कब कर रहे शादी, तो मिला जवाब-अब जल्दी ही करनी पड़ेगी

रायबरेली१४/०५ (संवाददाता):2024 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली से कांग्रेस उ मीदवार राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली में एक जोशीला भाषण दिया। कार्यक्रम के गंभीर स्वर के बीचए हल्के.फुल्के क्षण भी थेए भीड़ ने राहुल गांधी को उनकी वैवाहिक स्थिति के बारे में चिढ़ाया और उनसे पूछा कि वह कब शादी करने की योजना बना रहे हैं।

जब राहुल गांधी से पूछा गया कि वह कब शादी कर रहे हैं तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया‚ ‘‘बस जल्दी ही करनी अमेठी से चुनाव लड़ा और जीता। सोनिया गांधी से पहलेए पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने तीन बार रायबरेली से जीत हासिल की थी। इस निर्वाचन क्षेत्र ने 1952 और 1957 में दो बार इंदिरा के पति और कांग्रेस नेता फिरोज गांधी को रक्षा भी करती है। मेरी मां और इंदिरा जी दोनों ने मेरे लिए ऐसा किया।श् यह मेरी दोनों माताओं की कर्मभूमि है।श् यही कारण है कि मैं रायबरेली से चुनाव लड़ने आया हूं।श

राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय इतिहास में पहली बारए ष्बीजेपी आरएसएस के लोग हमारे संविधान को खत्म करना चाहते हैं। उनके नेताओं ने साफ कहा है कि अगर वे सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगेण्ण्ण्ष् किसानों तक पहुंचते हुए कांग्रेस सांसद ने कहाए ष्ण्ण्मैं वादा करता हूं कि अगर कांग्रेस.इंडिया केंद्र में सत्ता में आती हैए तो मेरा पहला काम गरीब किसानों का कर्ज माफ करना होगा।ष् राहुल गांधी केरल के वायनाड से मौजूदा सांसद हैंए जहां वह रायबरेली के साथ नया कार्यकाल चाह रहे हैं। राहुल ने 2004 से 2019 तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया। रायबरेली में उनका मुकाबला कांग्रेस छोड़कर बीजेपी के तीन बार के एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह से होगा।

FOR NEWS AND A

सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को दी व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट

नयी दिल्ली १४/०५ (संवाददाता):सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी द्वारा बनाई गई दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों से संबंधित एक मामले में पतंजलि आयुर्वेद के प्रमोटर योग गुरु रामदेव और प्रबंध निदेशक ;एमडीद्ध बालकृष्ण के खिलाफ फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत ने उन्हें उन दवाओं के विज्ञापनों को वापस लेने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में हलफनामा दायर करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया। इसके साथ ही कोर्ट की तरफ से उन्हें फिलहाल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में कोर्ट के आदेश पर प्रेस की इंटरव्यू देने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ;आईएमएद्ध के अध्यक्ष डॉण् अशोकन को फटकार भी लगाई। अदालत ने कहा कि डॉण् अशोकन की हरकतें पतंजलि की तरह हैं और उन्होंने एसोसिएशन के 3ण्5 लाख डॉक्टरों के लिए स्थापित उदाहरण पर चिंता व्यक्त की। इससे पहलेए पतंजलि के वकीलों ने अदालत को सूचित किया कि कंपनी ने अपने उत्पादों के बारे में झूठे दावे करने वाले विज्ञापनों पर अखबारों में 322 बार माफी मांगी है। अदालत ने प्रबंधन के रवैये में उल्लेखनीय सुधार को स्वीकार किया और रामदेव और बालकृष्ण के नाम वाली माफी की सराहना की। पिछली सुनवाई में अदालत ने कंपनी के विज्ञापनों की तुलना में सार्वजनिक माफी के आकार पर सवाल उठाया था और जानबूझकर अवज्ञा का हवाला देते हुए उनकी माफी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
मुखालय भवन, बुर्ला - 768020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा
दूरभाष (कॉर्पोरेट): 0663-2542401 से 409, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है।

R-5207

कलिंग समाचार
THE KALINGA SAMACHAR
(A Hindi Daily News Paper)
AT: QRS. NO. B/204, SECTOR-16
ROURKELA, PH. 0661-2646999
PRAKASH KUMAR DHAL (EDITOR)
E-mail: thekalingasamachar@gmail.com